तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 जून 2026



12 नवीन शिक्षा सत्र संचालन के लिए स्कूल स्तरीय ..



14 पुरुषोत्तम मास में श्रद्धालुओं ने निभाई सहभागिता







CAN'T HIDE THAT'S PRIDE

शाश्वत उ.मा.वि.बलौदाबाजार

के.जी. 1 से 12 वीं (साईन्स,आर्ट्स,कामर्स,कृषि विज्ञान) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम

प्रवेश प्रारम्भ

निःशुल्क वाहन सुविधा-लोकल बलौदाबाजार,लटुवा,रिसदा,कुकुर्दी ,बम्हनमुड़ी

प्रवेश हेतु संपर्क करें- 9111002360,9111002362,6268089459



लुभी साहू कक्षा12 वीं 97% छ.ग.टॉप टेन में चौथा स्थान

चंचल 93.4% माधुरी 93% अनुष्का 92.6% अमिता 92.3% श्वेता 91% पूजा 91% मुस्कान 88.6% रीति 87.8% मंजीत 87.6% जागृति 87%

ओजस्वी 97.1% कामना 96.2% किरण 96.2% कुशाग्र 96.1% इंदु 94.9% डिंपल 94.7% निशा 88.6% आर्यन 93.7% श्रेयांश 93.6% डिगेश्वरी 93.6%


## खबर संक्षेप

### बगैर शादी शुदा को दो साल से मिल रहा महतारी वंदन योजना का लाभ

**गोपालपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग सारंगढ़-बिलाईगढ़ का एक अनोखा कारनामा प्रकाश में आया है, जहां विभाग का परियोजना अधिकारी कार्यालय भटगांव द्वारा घोर लापवाही बरती गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भटगांव परियोजना के ग्राम चिचोली की दो आवेदिका जिनकी अभी शादी भी नहीं हुई है, उनको विभाग के महिला पर्यवेक्षक द्वारा पिछले दो साल से अधिक समय से शासन की महतारी वंदन का लाभ दिया जा रहा है, जिसमें उक्त दोनों अविवाहित लड़कियों को पचास हजार से अधिक का अवैध लाभ अब तक दिया जा चुका है। बरहाल इस तरह के बड़े कारनामा का खुलासा होने पर विभाग द्वारा महिला पर्यवेक्षक पर क्या कार्रवाई की जाती है यह देखने वाली बात है।

### विद्युत संविदा कर्मचारी संघ की अनिश्चिकालीन हड़ताल 22 से



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन 22 जून से प्रस्तावित है। प्रदेश अध्यक्ष हरिचरण साहू के नेतृत्व में जागरूकता अभियान, जिसके तहत कार्यालयों में पत्राचार और पोस्टर अभियान चलाया जा रहा है। संगठन की प्रदेश महामंत्री कमलेश भारद्वाज ने बताया कि यदि प्रबंधन या सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो पूरे प्रदेश में ब्लैकआउट की स्थिति पैदा हो सकती है। संघ ने बताया कि यदि बिजली आपूर्ति बाधित होती है, तो उसकी पूरी जवाबदेही पावर कंपनी, प्रबंधन और राज्य सरकार की होगी। बिजली जैसे अनिवार्य सेवा क्षेत्र में संविदा कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर इस बार आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं और सरकार व प्रबंधन पर दबाव बनाने की पूरी तैयारी कर चुके हैं।

### मत्स्याखेट प्रतिबंधित 15 अगस्त तक, उल्लंघन पर 25 हजार तक जुर्माना

**बलौदाबाजार।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग 1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नही है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये गये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों मे मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) (द्वितीय) अधिनियम, 2025 के अनुसूची 4 अनुसार,छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1948 की धारा 5 के तहत पच्चीस हजार रूपये के शास्ति से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाबों या अन्य जल स्त्रोतों जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे कल्चर में लागू नहीं होंगे।

# सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने सड़क पर उतरी पुलिस, चौक-चौराह में की गई पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शहर में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने बीते रात थाना पलारी पुलिस द्वारा विशेष विजिबल पुलिसिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के दिशा-निर्देशन में पलारी नगर के विभिन्न चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले, संवेदनशील इलाकों में पैदल पेट्रोलिंग (फ्लैग मार्च) की गई। पैदल पेट्रोलिंग का नेतृत्व स्वयं थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने किया। उनके साथ भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे। मुख्य बाजार और संवेदनशील इलाकों का जायजा लिया गया।

## बस स्टैंड और संवेदनशील क्षेत्रों में किया गया फ्लैग मार्च




### मुख्य उद्देश्य अपराधियों में खौफ पैदा करना

पेट्रोलिंग के दौरान थाना प्रभारी पलारी ने स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि विजिबल पुलिसिंग का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में खौफ पैदा करना और आम जनता के भीतर सुरक्षा का भाव जगाना है। यदि नगर में कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति नजर आए तो तत्काल पलारी पुलिस को इसकी सूचना दें।

पुलिस बल ने नगर के मुख्य मार्गों, हृदय स्थल, बस स्टैंड, व्यावसायिक क्षेत्रों और अंदरूनी मोहल्लों में पैदल भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस टीम ने, संदिग्ध रूप से घूमने वाले तत्वों से पूछताछ कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी। देर रात तक बिना वजह सड़कों पर मजमा लगाने वालों को हटाया। यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले वाहनों और दुकानदारों को समझाइश दी गई।


रात्रि के समय भारी पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी को स्वयं सड़कों पर मुस्तैद देखकर नगरवासियों और व्यापारियों द्वारा पुलिस बल की प्रशंसा किया गया।

## कार्रवाई : कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने लिया संज्ञान

# महिला बैंक निपनिया शाखा की अधिकारी रिश्वत मामले में निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

### प्रारंभिक जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर हुई कार्रवाई



#### लेन-देन का वीडियो भी प्रशासन को सौंपा

गौरतलब है कि ग्राम निपनिया निवासी एक महिला ने अपने दिवंगत पति के बैंक खाते में जमा राशि निकालने के लिए शाखा प्रबंधक पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। शिकायत के साथ कथित लेन-देन का वीडियो भी प्रशासन को सौंपा गया था। मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने भी बैंक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की निपनिया शाखा में मृत खाताधारक के नॉमिनी से राशि भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले के मीडिया में आने और शिकायत प्राप्त होने के बाद संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर शाखा प्रबंधक अनिता पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की निपनिया शाखा की प्रभारी शाखा प्रबंधक अनिता पाण्डेय के विरुद्ध कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मृत खाताधारक के नॉमिनी से बैंक खाते की राशि भुगतान करने के नाम पर 10 हजार रिश्वत की मांग की गई थी।

जिला प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी प्रारंभिक जांच नोडल अधिकारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से कराई गई। जांच में शाखा प्रबंधक के विरुद्ध लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गए। इसके बाद कलेक्टर कुलदीप शर्मा के कड़े निर्देश पर बैंक प्रबंधन ने संबंधित अधिकारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की।

जारी आदेश के अनुसार, प्रभारी शाखा प्रबंधक अनिता पाण्डेय को बैंक कर्मचारी सेवा नियमावली के नियम 60 (3) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उन्हें नोडल कार्यालय महासमुंद से संबद्ध किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार स्वीकार्य वेतन की आधी राशि ▶▶ शेष पेज 10 पर

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विशेष न्यायालय (पॉक्सो), बलौदाबाजार के पीठासीन अधिकारी गिर्जेश प्रताप सिंह द्वारा आरोपी वासिफ आलम उर्फ आतिफ को विभिन्न गंभीर धाराओं में दोषी पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है।

महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता का विस्तृत कथन कराया गया, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि आरोपी वासिफ आलम ने पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर बहलाया-फुसलाया और दिल्ली ले जाकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया है। इस आधार पर मामले में धारा 87, 64(2)(M) (BNS) तथा धारा 04, 06 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई। विवेचना टीम द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्य अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से संकलित कर न्यायालय के समक्ष अकाट्य साक्ष्य के साथ समय सीमा के भीतर आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया।

विशेष लोक अभियोजक निशा शर्मा द्वारा न्यायालय के समक्ष अत्यंत प्रभावी पैरवी की गई। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) गिर्जेश प्रताप सिंह द्वारा प्रकरण में उपलब्ध वैज्ञानिक, ▶▶ शेष पेज 10 पर

### पुलिस ने नांगलोई से आरोपी को दबोचा

मामला थाना पलारी का है, जहां प्रार्थी द्वारा पिछले वर्ष 8 मई को अपनी नाबालिग लड़की के बिना बताए घर से कहीं गुम हो जाने की मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा तत्काल गुम इंसान कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान अज्ञात आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका पर धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया, जिससे संदेही का लोकेशन नांगलोई, दिल्ली में प्राप्त हुआ। पुलिस टीम द्वारा तत्काल दिल्ली रवाना होकर मुस्तैदी दिखाते हुए 14 मार्च को अमर कॉलोनी, नांगलोई (दिल्ली) से आरोपी वासिफ आलम उर्फ आतिफ को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया।

# विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के विकास, सांस्कृतिक उन्नयन एवं जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में पालिका परिषद द्वारा 16 जून को नवनिर्मित ऑडिटोरियम, छत्तीसगढ़ महतारी चौक एवं शहीद श्रीकृष्ण गजानंद खोण्डे परिसर के लोकार्पण तथा विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने हेतु नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, उपलब्ध सुविधाओं, आगंतुकों के बैठने एवं आवागमन की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि नगरवासियों के लिए यह कार्यक्रम केवल लोकार्पण एवं भूमिपूजन का अवसर नहीं, बल्कि भाटापारा के विकास, सांस्कृतिक पहचान और आधुनिक अधोसंरचना के विस्तार का ऐतिहासिक क्षण है। नगर पालिका द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि समारोह में आने वाले प्रत्येक नागरिक ▶▶ शेष पेज 10 पर

### मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रहेंगे

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता सांसद बृजमोहन अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा प्रमोद शर्मा तथा जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

# शाला प्रवेश उत्सव आज से

**बलौदाबाजार।** प्रदेश सहित जिले की स्कूलों में 16 से 27 जून तक शाला प्रवेश उत्सव आयोजित होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर शाला प्रवेश उत्सव में में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का सबसे सशक्त आधार है तथा यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, महापौर तथा नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्र के किसी विद्यालय में सुविधानुसार उपस्थित होकर अभियान में सहभागी बनें तथा ऐसे बच्चों की पहचान और नामांकन के लिए प्रेरित करें, जो अभी तक विद्यालय से नहीं जुड़े हैं अथवा बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करेगी।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिले में उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाने के लिये कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान के लिए प्रधानपाठकों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



विकासखंड स्त्रोत केंद्र तिल्दा-नेवरा द्वारा शासकीय पीएम श्री भरत देवांगन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वेक्षण संबंधी प्रधानपाठकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक लखेश्वर कुमार वर्मा एवं रामकरण वर्मा ने बताया कि समावेशी शिक्षा के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान, नामांकन तथा उन्हें आवश्यक शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर सर्वेक्षण कराया जाना है। संकुल स्त्रोत केंद्र तिल्दा के अधिकारी सुविधा सिंह ने सर्वेक्षण की प्रक्रिया एवं उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक

## राज्य स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल में दिखा रेस्क्यू का जीवंत प्रदर्शन

# बालसमुद तालाब में आपदा से जंग की लेने की रिहर्सल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



प्राकृतिक आपदाओं से समय रहते निपटने और राहत-बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बलौदाबाजार जिले के बालसमुद तालाब में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में जिला नगर सेना, एसडीआरएफ, जिला प्रशासन का राजस्व अमला और फायर ब्रिगेड की टीमों ने संयुक्त रूप से भाग लेकर आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

मॉक ड्रिल में यह परिकल्पना की गई कि लगातार भारी वर्षा के कारण अचानक बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है, जिससे आसपास के गांवों में जनजीवन प्रभावित हो गया है और लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में हैं। सूचना मिलते ही विभिन्न विभागों की टीमें सक्रिय हुईं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया।

इस दौरान नावों और रेस्क्यू बोट की मदद से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित निकालकर राहत शिविरों तक पहुंचाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। वहीं, डूबे हुए व्यक्ति की तलाश के लिए रेस्क्यू टीम और विशेष खोजी उपकरणों की सहायता से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

मॉक ड्रिल में यह भी बताया गया कि आपदा के समय घरों में उपलब्ध सामान्य सामग्री जैसे बांस-बल्ली, पानी के डब्बे और प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग भी जीवन रक्षक साधनों के रूप में किया जा सकता है। साथ ही सीपीआर, प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस और मेडिकल टीम की त्वरित सेवाओं तथा राहत सामग्री वितरण की कार्यप्रणाली का भी अभ्यास कराया गया।

एसडीआरएफ की टीम ने इस दौरान अत्याधुनिक बचाव उपकरणों का प्रदर्शन किया। इनमें 30 मीटर गहराई तक पानी के भीतर देखने वाला वाटर कैमरा, बोरवेल रेस्क्यू कैमरा, सीसीटीवी मॉनिटर और करंट से बचाव के लिए सेंसर टॉर्च सहित कई आधुनिक उपकरण शामिल रहे।पलारी के नायब तहसीलदार ईश्वर प्रसाद केवट ने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल वास्तविक आपदा की स्थिति में त्वरित, समन्वित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने में अत्यंत सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी और आम नागरिकों की जागरूकता ही सबसे बड़ी ताकत है तथा लोगों को मॉक ड्रिल में बताए गए सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए।







संकलनकर्ता- गणेश साहू, हरिभूमि संवाददाता,कसडोल मो.- 8959020002


ऑडिटोरियम एवं छत्तीसगढ़ महतारी चौक,
शहीद श्री कृष्ण गजानंद खोण्डे जी परिसर का
लोकार्पण एवं चौपाटी व विभिन्न
कार्यो के भूमिपूजन
मुख्य अतिथि
मान. डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा
पधार रहें अतिथियों का स्वागत वंदन अभिनंदन
अश्वनी शर्मा
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भाटापारा
दिलीप छाबड़िया
उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद भाटापारा
-----दिनांक 16 जून 2026-----
समय - दोपहर 1 बजे
स्थान - शास. गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय परिसर, भाटापारा


16 जून
मान. गौरीशंकर अग्रवाल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं....
श्री अनुपम बाजपेयी
मंडल अध्यक्ष - लवन
श्री विजय यादव
जिला महामंत्री
श्री पवन साहू
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत - बलौदाबाजार
श्री नरेन्द्र साहू
उपाध्यक्ष,नगर पंचायत - लवन
श्री शिवमंगल सिंह चौहन
अध्यक्ष,नगर पंचायत - लवन
मान. श्री गौरीशंकर अग्रवाल जी
पूर्व विधानसभा - अध्यक्ष (छ.ग.)
विनीत - लवन नगर

## मरम्मत, स्वच्छता, पेयजल और पाठ्यपुस्तक वितरण पर विशेष जोर

# नवीन शिक्षा सत्र संचालन के लिए स्कूल स्तरीय तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नवीन शिक्षा सत्र के सफल संचालन, शाला खुलने की पूर्व तैयारियों, प्रवेश उत्सव के प्रभावी आयोजन तथा विद्यार्थियों में आधारभूत अधिगम दक्षताओं के विकास को लेकर विकासखंड बिलाईगढ़ के सेजेस स्कूल में विकास खण्ड के संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों का बैठक हुई।

बैठक में विकासखंड बिलाईगढ़ के आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियों एवं विभागीय प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई।



बैठक में विद्यालयों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया ने विद्यालय भवनों की मरम्मत, शौचालयों की स्वच्छता एवं कार्यशीलता, पेयजल उपलब्धता, किचन शेड की स्थिति, विद्युत व्यवस्था, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, पौधारोपण, पाठ्यपुस्तक वितरण, विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, खेल सामग्री की उपलब्धता तथा शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) की तैयारी, वीएस के ऐप में नियमित उपस्तिथि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

साथ ही सभी संस्था प्रमुखों को शाला प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने एवं प्रवेश उत्सव को सफल बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से इनकी रही उपस्थिति जिला शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी आर के कोसले, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डीपी सोनी, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक फंडेनद्र नेताम, समस्त संकुल प्राचार्यसंकुल समन्वयक, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्तिथ थे।

### हर पात्र बच्चे को विद्यालय से जोड़ना सामूहिक जिम्मेदारी

वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर के कोसले ने प्रवेश उत्सव, नामांकन वृद्धि, शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों की पहचान तथा उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचना और उसे विद्यालय से जोड़ना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।, शिक्षकों की शैक्षणिक तैयारियों, टीएलएम निर्माण, मासिक मूल्यांकन, शैक्षणिक मॉनिटरिंग तथा विद्यालयी नवाचारों पर विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार के लिए नियमित अभ्यास, समूह आधारित गतिविधियों और स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा दिये जाने पर जोर दिया।

### भाषा और गणितीय दक्षता विकास विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता

वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों में भाषा, पठन, लेखन एवं गणितीय दक्षताओं का विकास विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए विद्यालय स्तर पर नियमित आकलन, उपचारात्मक शिक्षण, गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति तथा नवाचारों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर के कोसले ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय को शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति एवं अधिगम स्तर में सुधार के लिए लक्ष्य आधारित कार्य करना होगा। उन्होंने संकुल प्राचार्य एवं समन्वयकों से विद्यालयवार कार्ययोजना तैयार कर बेहतर शैक्षणिक वातावरण विकसित करने का आह्वान किया।

### जनभागीदारी का महाअभियान बनाने पर जोर

बैठक में प्रवेश उत्सव को जनभागीदारी का अभियान बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि नवप्रवेशी विद्यार्थियों का विद्यालयों में उत्साहपूर्ण स्वागत किया जाए तथा पालकों, जनप्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन समितियों और समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही न्योता भोज कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय और विद्यालय के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने तथा बच्चों के प्रति सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# सतनामी समाज ने बैठक में मृत्यु भोज पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

समीपस्थ बिलासपुर में सतनामी समाज की बैठक हुई, जहां बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। उपाध्यक्ष राकेश डहरिया ने बताया कि बीते समय रायपुर में प्रदेश स्तरीय आयोजित सतनामी समाज के सम्माननीयगण द्वारा जो 15 बिंदुओं के नियम बनाये गये थे, उसे पालन करने के लिए सभी ने सहमति जताई और सभी बिदुओं को सभा में सुनाया गया। इन 15 बिंदुओं को समाज के पदाधिकारियों ने सराहना करते हुए स्वीकार किए। इसमें किसी भी व्यक्ति की मृत्यु पर कफन कपड़ा नहीं ले जाया जायेगा, मृत्यु भोज पर भी प्रतिबंध रहेगा हालाकि कार्यक्रम को छोटे रूप में किया जाना चाहिए जो यह भी अनिवार्य नहीं रहेगा।

षष्ठी कार्यक्रम अनिवार्य नहीं रहेगा, शादी ब्याह में भी सीमित लोगों द्वारा विवाह कार्यक्रम संपन्न कराए जाने का निर्णय लिया गया। कई पुरानी कुरीतियों पर चर्चा की गई जिसे त्याग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष नौधाराम सुमन, उपाध्यक्ष राकेश डहरिया, और सचिव नरसिंह प्रसाद महिलाने साथ ही विशिष्ट व्यक्ति दूजे राम जांगड़े, अंजोर सिंह बंजारे, दूज राम महिलाने, भीषम प्रसाद महिलाने, फागू राम महिलाने, कोमल प्रसाद बंजारे मोहित बंजारे,और संतोष जांगड़े, लक्की जोलहे, किशन जाटवर, दूध नाथ बंजारे, महेंद्र जांगड़े, शंकर जोलहे, संजय महिलाने, अनिकेत सुमन, साहिल सुमन, हेमंत खटकर, शेखर खटकर, तुलसी सुमन, पिलसाय खटकर, गुलशन बंजारे के साथ बहुत संख्या में सतनामी समाज के लोग उपस्थित थे।

## सेवा प्राधिकरण रायपुर का विशेष विधिक साक्षरता शिविर

**खरोरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में जागृति योजना 2025 के अन्तर्गत वरिष्ठजन अधिकार, सशक्तिकरण और गरिमा विषय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के पैरालीगल वालेंटियर शंकर लाल साहू, टोपेन्द्र वर्मा, टिकेश्वरी वर्मा द्वारा मनोहर जीवन कल्याण वृद्ध निवास में विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा जागृति योजना 2025, नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं 2016, अलग-अलग नालसा योजना, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर 14567, आधार कार्ड, राशन कार्ड, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर सालसा टोल फ्री नंबर के संबंध में प्रचार प्रसार किया गया।

## सम्पर्क केन्द्र की पहल से मिली महतारी वंदन की राशि, जिला प्रशासन का जताया आभार

**बलौदाबाजार।** जिला प्रशासन बलौदाबाजार द्वारा संचालित सम्पर्क केन्द्र द्वारा महिला बाल विकास विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित कर हितग्राही को महतारी वंदन योजना की राशि दिलाई।बलौदाबाजार तहसील के ग्राम डमरू निवासी ललिता बाई पैंकरा ने महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 प्रतिमाह रूपए राशि नहीं दिए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए थे। उक्त हितग्राही को योजना के तहत प्रतिमाह 500 रुपए मिल रहा था। इससे आवेदिका ललिता बाई पैंकरा और उनके परिवार को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा था। सम्पर्क केन्द्र में आवेदन प्रस्तुत करने के बाद सम्पर्क केन्द्र ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला बाल विकास विभाग से समन्वय स्थापित कर आवेदिका को संचालनालय स्तर से सुधार करवा कर प्रतिमाह 1000 रुपए राशि प्रदान की जायेगी। आवेदिका ललिता बाई पैकरा ने इस त्वरित न्याय के लिए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्पर्क केन्द्र जैसी पहल जिले के वंचित और शोषित वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। संपर्क केंद्र आमजनों की समस्या का त्वरित निराकरण करता है।



## पेज 9 के शेष

### रिश्वत मामले में ...

के बराबर जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। इस अवधि में वे किसी भी प्रकार के अवकाश की पात्र नहीं होंगी तथा सक्षम अधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगी। जिला प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई को भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, अब आगे की विभागीय जांच और अन्य संभावित कार्रवाई पर लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं।

### दुष्कर्म के दोषी ...

चिकित्सकीय एवं मौखिक साक्ष्यों को सही पाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया और धारा 137(2) के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000 अर्थदंड, धारा 87 के तहत 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000 अर्थदंड, धारा 04(2) पॉक्सो एक्ट, 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 अर्थदंड,धारा 6 पॉक्सो एक्ट, 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 अर्थदंड शामिल हैं।

### विकास कार्यों का...

को बेहतर सुविधाएं एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था प्राप्त हो। नवनिर्मित ऑडिटोरियम क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक आधुनिक मंच उपलब्ध कराएगा। इसके साथ ही शहीद श्रीकृष्ण गजानंद खोण्डे परिसर राष्ट्रसेवा, त्याग, साहस एवं बलिदान की प्रेरणा को जनमानस तक पहुंचाने वाला महत्वपूर्ण स्मृति स्थल बनेगा।

### विशेष आवश्यकता वाले ...

समझाते हुए दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों जैसे दृष्टि बाधिता, कम दृष्टि, कुष्ठ रोग से मुक्त व्यक्ति, श्रवण बाधिता, चलन बाधिता, बौनापन, बौद्धिक दिव्यांगता, मानसिक रोग, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, पार्किंसंस रोग, विशिष्ट अधिगम अक्षमता, मल्टीपल स्कलेरोसिस, वाक एवं भाषा दिव्यांगता, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, सिकल सेल रोग, बहु-दिव्यांगता तथा तेजाब हमले से पीड़ित व्यक्तियों सहित अन्य श्रेणियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में ईल्दा प्राचार्य सीके वर्मा, घिवरा प्राचार्य ईश्वरी पांडे, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधानपाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा सहित खरोरा, पचरी एवं भड़हा संकुल के प्रधानपाठक उपस्थित रहे।















संकलनकर्ता- गणेश साहू, हरिभूमि संवाददाता, कसडोल मो.- 8959020002

# पेंशनधारियों की समस्याओं और संगठन विस्तार पर सिमगा में मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बलौदाबाजार एवं तहसील शाखा सिमगा कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक जनपद पंचायत सिमगा के सभा कक्ष में आयोजित की गई। इसमें जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव की प्रांतीय बैठक रायपुर में उपस्थित होने के कारण उनके निर्देशानुसार वरिष्ठ पेंशनर जिला प्रवक्ता तहसील अध्यक्ष भाटापारा रघुनाथ प्रसाद पटेल ने अध्यक्षता की। उनके साथ मंच पर तहसील अध्यक्ष बलौदा बाजार तारण सिंह ठाकुर, सिमगा अध्यक्ष विशेषर सिंह पाल, पलारी अध्यक्ष संतोष कन्नौजे, संरक्षक पंडित राधा चरण शुक्ला, संरक्षक पूर्व जिला अध्यक्ष जामवंत वर्मा, आसाराम अनंत एवं प्रांतीय संगठन सचिव कमल नारायण यदु उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सिमगा तहसील खासकर सिमगा शहर में संघ की सदस्यता को बढ़ाए जाने एवं पेंशनर भवन हेतु स्थानीय विधायक के साथ नगर पालिका अध्यक्ष से अनुरोध किए जाने का प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रघुनाथ प्रसाद पटेल ने प्रथम बार पिछले माह की बैठक की अपेक्षा इस बार अधिक उपस्थिति पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि नियमित रूप से प्रतिमाह बैठक से संघ की गतिविधियों की जानकारी होने पर विभिन्न विभागों से सेवा निवृत पेंशनर साथी अवश्य ही छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ से जुड़ेंगे। आप लोग स्थान का चयन करें स्थानीय विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष से भवन हेतु राशि की घोषणा भी कराई जाएगी तारण सिंह ठाकुर ने कॉम्प्रिहेंसिव पेंशन पैकेज सीपीसी की जानकारी दी।

## पेंशनधारी कल्याण संघ ने बैठक में लिया कई निर्णय



### धारा 49 और आईटीआर पर दी गई जानकारी

जामवंत वर्मा ने धारा 49 से संबंधित जानकारी के साथ सभी पेंशनरों को अनिवार्य आइटीआर फॉर्म जमा करने का आग्रह किया। विश्वेश्वर सिंह पाल,सहसराम पाटकर एवं बंसीलाल देवांगन ने आश्वस्त किया कि आप सब की मंशा अनुरूप सिमगा में सदस्यता अभियान एवं पेंशनर भवन हेतु स्थान के लिए हम लोग पूर्णतः प्रयास करेंगे। आगामी बैठक में और अधिक सदस्य उपस्थित होंगे ये हमारा वादा है। सभा को पलारी अध्यक्ष संतोष कनौजे, प्रांतीय संगठन सचिव कमल नारायण यदु, सेवा निवृत डिप्टी कलेक्टर श्री ठाकुर साहब, पंडित राधा चरण शुक्ला ने भी संबोधित किया। आसाराम अनंत,रमेश कुमार वर्मा एवं रघुनाथ प्रसाद पटेल ने कविताओं एवं गीतों की प्रस्तुति देकर अपने यौवन एवं शिक्षकीय काल की यादों को ताजा कर सबको भाव विभोर कर दिया। सभा का संचालन सहस राम पाटकार, रघुनाथ प्रसाद पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन विश्वेश्वर सिंह पाल ने किया। इस अवसर पर वेद राम वर्मा, नारायण चंद्राकर,परेटन लाल साहू, हेमलाल वर्मा, सुरेश कुमार बाजपेई, संतोष कन्नौजे, सहसराम पाटकर, कामता प्रसाद देवांगन, अनिल नायक, गणेशाराम सेन, जीवनलाल माली सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### गांवों में स्वच्छता अभियान को मिली नई गति

**बलौदाबाजार**। ग्रामीण स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अल्ट्राटेक रावन सीएसआर ने विभिन्न समूह के सहयोग से स्वच्छता और सुरक्षा सामग्री वितरित की।समूहों को कचरा ट्रॉली, झाड़ू, बेलचा, घमेला, ग्लव्स, मास्क, रिफ्लेक्टिव जैकेट, हेलमेट व अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए। सामग्री मिलने के बाद सभी समूहों ने अपने-अपने गांवों में नियमित सफाई कार्य शुरू कर दी है। स्वच्छता समूह पंचायत परिसरों, सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और गलियों की सफाई के साथ कचरा संग्रहण एवं निस्तारण का कार्य कर रहे हैं। इससे गांवों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है और साफ-सफाई व्यवस्था मजबूत हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि नियमित सफाई से गांव अधिक स्वच्छ और सुंदर दिखाई देने लगे हैं। सीएसआर अधिकारियों के अनुसार यह पहल ग्रामीण स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीणों एवं स्वच्छता समूहों ने इस सहयोग के लिए अल्ट्राटेक रावन प्रबंधन और सीएसआर विभाग का आभार व्यक्त किया।

### बीएसयूपी कॉलोनी में पुलिस की दबिश

**रायपुर**। सरस्वती नगर, आमानाका एवं न्यू राजेंद्र नगर थाना की बीएसयूपी कॉलोनी में पुलिस ने रविवार को दबिश देकर तीन सौ मकानों की जांच की। पुलिस ने मकानों में रह रहे लोगों का सत्यापन किया। जांच में सौ से ज्यादा पुलिस अफसर तथा कर्मी शामिल रहे। चेकिंग अभियान के दौरान क्षेत्र में निवासरत गुंडों के साथ निगरानी, आदतन बदमाशों के साथ अपराधियों एवं अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की विस्तृत जांच की गई।

## आयोजन : केसरवानी भवन भटगांव में लगा रक्तदान शिविर

# विश्व रक्तदाता दिवस पर दिखा सेवा का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव





विश्व रक्तदाता दिवस पर रविवार को नगर पंचायत भटगांव के केसरवानी समाज भवन में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक समस्त नगर वासी भटगांव एवं रेडक्रास सोसाइटी के बैनर तले आयोजित इस शिविर में युवाओं, व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना था।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पुष्पेंद्र वैष्णव सामाजिक कार्यकर्ता पंकज दुबे, आशीष केसरवानी, रूपनारायण राजपूत,संतोष गुप्ता, मोरध्वज देवांगन व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। जरूरत के समय उपलब्ध रक्त किसी मरीज के लिए जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर साबित हो सकता है।

शिविर में जिले ब्लॉक एवं नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवाओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। आयोजन के दौरान करीब 75 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह से शाम तक संचालित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी स्वैच्छिक भागीदारी सुनिश्चित की। आयोजक मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि आज भी रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, बड़े ऑपरेशन, प्रसूति संबंधी जटिलताओं और थैलेसीमिया जैसे मरीजों के उपचार में रक्त की आवश्यकता पड़ती है।

उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान से कई जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है। एक यूनिट रक्त किसी व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान के महत्व को लेकर विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित करने की भी व्यवस्था की गई, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सामाजिक अभियान से जुड़ सकें।

### सामाजिक सरोकार का बना उदाहरण

विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित यह रक्तदान शिविर नगर भटगांव में सामाजिक जिम्मेदारी और जनसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि समाज के सामूहिक प्रयास से कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में पूर्व भटगांव नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, पार्षद लीलाधर वैष्णव, धर्मेंद्र साहू सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# पुरुषोत्तम मास में श्रद्धालुओं ने निभाई सहभागिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर के श्री गोपाल पंचायती मंदिर, सदर बाजार में पावन पुरुषोत्तम मास महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी पूरे मासभर विभिन्न मनोरथों, उत्सवों एवं लीलाओं का आयोजन किया गया, जिनमें नगर के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

पुरुषोत्तम मास के 28वें दिवस पर /"ब्यावला बधाई उत्सव का आयोजन संगीता बजरंग चौरसिया, नीतू शरद गुप्ता, दीपाली लक्ष्मी गुप्ता, श्वेता अमरनाथ गुप्ता द्वारा किया गया।

उत्सव में उस अलौकिक क्षण की भावपूर्ण झांकी प्रस्तुत की गई, जब विवाह के पश्चात श्री राधारानी अपने प्रियतम श्रीकृष्ण के साथ गृह आगमन करती हैं। मान्यता है कि जब ब्रज की लाड़ली किशोरीजी नववधू बनकर आती हैं, तब संपूर्ण ब्रज उनका स्वागत करने उमड़ पड़ता है। गलियां सज जाती हैं, आंगन महक उठते हैं, मंगल गीत गूंजने लगते हैं और प्रत्येक हृदय आनंद से भर जाता है।

कार्यक्रम में सुसज्जित राधा-कृष्ण झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सखियों ने भक्ति रस से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया। संगीता चौरसिया एवं नीतू गुप्ता द्वारा गाए गए मधुर एवं भावपूर्ण भजनों ने ऐसा वातावरण निर्मित कर दिया उत्सव के अंत में बधाई एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के लिए योग क्लास प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

नगर के बघेल कालोनी वार्ड 11 के बंद योग कक्षा को महिला पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी मीना साहू, तहसील प्रभारी हेमलता कन्नौजे, वरिष्ठ योग साधक मालती वर्मा, सरिता वर्मा एवं श्रीमती चंद्राकार द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिला प्रभारी ने कहा कि इस वर्ष अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2026 में थीम योगा फार हेल्थी एजिंग लिया गया है। इसका अर्थ है हम अपने जीवन शैली में योग को शामिल करें, ताकि हम बुढ़ापे में भी स्वस्थ व उर्जावान और आत्म निर्भर रहें। योग दिवस की तैयारी के लिए योग शिक्षकों द्वारा क्लास में प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया जा रहा है।इस योग कक्षा में भाग्यश्री साहू, कुसुम साहू, योग शिक्षिका मधुरानी सरशीहा, मीरा वर्मा, कविता सरशीहा, पूर्णिमा चंद्राकर,विभा चंद्राकर, सुमन पटेल,अनिता साहू, अरुंधति वर्मा, ममता साहू शामिल रहे। योग कक्षा के पुनर्स्थापना के लिए नगर के अध्यक्ष गोपी साहू का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।



# कलेक्टर ने निःशक्त को दिया व्हीलचेयर



**बलौदाबाजार**। जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को दिव्यांग बालक लव कुमार को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से एक व्हील चेयर प्रदान की।

कलेक्टर शर्मा दतान(ख) निवासी दिव्यांग लव कुमार पिता रविशंकर निषादशहद को पेंशन प्राप्त नहीं होने और आयुष्मान कार्ड नहीं बनने की जानकारी पर पेंशन और आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही लव कुमार के माता - पिता का भी आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। लव कुमार के पिता रविशंकर ने बताया कि उनके पुत्र लव कुमार बचपन से ही दिव्यांग और मानसिक रूप से अस्वस्थ है। व्हील चेयर मिलने से अब लाने -ले जाने में काफी सुविधा होगी। उन्होंने तत्काल सहायता मिलने पर शासन -प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान उप संचालक सिनीवली गोयल सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।

## संत कबीर के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

# कबीर प्राकट्य दिवस पर चंदेरी में सेवा, सद्भाव मानवता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



ग्राम पंचायत चंदेरी में पूर्णिमा पर संत कबीर साहेब के प्राकट्य दिवस को श्रद्धा, भक्ति एवं सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चंदेरी के कबीरपंथी समाज द्वारा राहगीरों, ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं के लिए नींबू पानी, शरबत तथा पान प्रसाद का वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य ने लोगों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ संत कबीर के मानवता, प्रेम, समानता एवं परोपकार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने संत कबीर के विचारों का स्मरण करते हुए सामाजिक एकता, भाईचारे और मानव सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताया। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और कबीर साहेब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। सेवा कार्य के माध्यम से समाज ने यह संदेश दिया कि सच्ची भक्ति मानव कल्याण और जरूरतमंदों की सेवा में निहित है।

पंचायत के सहायक सचिव उमेश गोस्वामी ने बताया कि संत कबीर साहेब ने अपने जीवनभर जाति, पंथ और ऊंच-नीच के भेदभाव का विरोध करते हुए मानवता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। उनके प्राकट्य दिवस पर आयोजित यह सेवा कार्य उन्हीं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब के विचार आज भी समाज को एकता, अहिंसा, जीवों पर दया, समरसता और ढोंग आडंबर को छोड़ नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में भेखराम साहू, अलखराम साहू, गोविंद मानिकपुरी, मेलाराम साहू, विशालीराम साहू तथा ग्राम पंचायत के पंच मंशाराम साहू सहित कबीरपंथी समाज के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

